Regarding construction of a ring dam on Kosi river in Bihar-laid

श्री दिनेश चंद्र यादव (मधेपुरा) : बिहार राज्य के खगड़िया जिले के ईदमादी बारून से भागलपुर जिले के विजयघाट तक कोसी नदी के उत्तरी किनारे रिंग बाँध नहीं रहने से लाखों एकड़ जमीन में बाढ़ का पानी घुसने से किसानों की लगी फसल प्रत्येक साल बर्बाद हो जाती है एवं चार महीना उस क्षेत्र के किसानों को माल-मवेशी लेकर दूसरे स्थान पर शरण लेनी पड़ती है, जिससे किसानों को भुखमरी की समस्या हो जाती है । खगडिया जिले के डुमरी घाट पुल से ईदमादी बारून तक 22 कि.मी. रिंग बाँध बहुत पूर्व से बना हुआ है । रिंग बाँध से आगे बचे शेष भाग में रिंग बाँध का निर्माण कराने से इस क्षेत्र के किसानों को भारी राहत मिलेगी ।

अतः माननीय मंत्री जल संसाधन मंत्रालय से आग्रह है कि जनहित में खगड़िया जिलान्तर्गत बेलदौर प्रखंड के ईदमादी बारून से मधेपुरा जिला के कपसिया (आलमनगर प्रखंड) होते विजयघाट (नवगछिया)-35 कि.मी. तक रिंग बाँध निर्माण कराएं ।